Regarding Need to develop an IT hub along Meerut-Prayagraj Expressway-Laid

श्री अरुण गोविल **(मेरठ) :** मेरठ में डिजिटल इंडिया विजन; के अंतर्गत 5 सितंबर 2017 को वेदव्यासपुरी में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (STPI) केंद्र की आधारशिला रखी गई थी । लगभग 15 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस IT पार्क का उद्घाटन 28 दिसंबर 2021 को किया गया था । वर्तमान में 25,000 वर्ग फुट में फैले इस केंद्र में 133 सीटों की क्षमता है और 10 आईटी कंपनियां कार्यरत हैं । मेरठ और आसपास के जनपदों के लगभग 10,000 युवा वर्तमान में बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे जैसे सुदूर शहरों में IT क्षेत्र में कार्यरत हैं । मेरठ की भौगोलिक स्थिति और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे जैसी बेहतर कनेक्टिविटी के बावजूद, वर्तमान IT पार्क की क्षमता स्थानीय प्रतिभा को रोकने और वैश्विक कंपनियों को आकर्षित करने के लिए अपर्याप्त सिद्ध हो रही है । अतः सरकार से अनुरोध है कि मेरठ-प्रयागराज एक्सप्रेसवे के समीप प्रस्तावित औद्योगिक क्षेत्रों में लगभग 250 हेक्टेयर भूमि पर एक वृहद IT HUB विकसित करने की योजना बनाई जाए । इससे न केवल निर्यात और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश को IT के वैश्विक मानचित्र पर स्थापित करने में मदद मिलेगी । मंत्रालय इस विषय में ठोस नीतिगत पहल करने का कष्ट करें ।